# Daily Current Affairs

**Date : 31 July, 2025**

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान ऊंट (वध का प्रतिषेध और अस्थायी प्रव्रजन या निर्यात का विनियमन) अधिनियम, 2015 |
| 2. | फुटबॉल एक्सीलेंस अवार्ड्स – 2025 |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम<br>2. हरियाली तीज पर पौधरोपण में जयपुर प्रथम स्थान पर<br>3. राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह-2025<br>4. सतरंगी लहरिया महोत्सव – अजमेर<br>5. यश यादव (जयपुर) |
| 4. | बिहार में 'राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' की स्थापना |
| 5. | वीर परिवार सहायता योजना 2025 |
| 6. | दूसरा बिम्सटेक बंदरगाह सम्मेलन |
| 7. | फास्ट पैट्रोल वेसल 'अटल' लॉन्च |
| 8. | NISAR (निसार) सैटेलाइट |
| 9. | नेल्सन मंडेला पुरस्कार 2025 |
| 10. | अंडर-17 वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप – 2025 |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 11. | **न्यूज़ इन शॉर्ट्स**<br>1. **निखिल रविशंकर**<br>2. **मारियो पैग्लिनो और गिनानी ग्रॉसी** |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

# राजस्थान ऊंट (वध का प्रतिषेध और अस्थायी प्रव्रजन या निर्यात का विनियमन) अधिनियम, 2015



### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान के पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में पशुपालन विभाग को 'राजस्थान ऊंट (वध का प्रतिषेध और अस्थायी प्रव्रजन या निर्यात का विनियमन) अधिनियम, 2015' हेतु नियम बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए।

### मुख्य बिंदु :

- नवीन दिशा-निर्देशों के तहत ऊंट पालकों को अन्य राज्यों में ऊंट चराने, डेयरी एवं कृषि कार्य करने तथा पशु मेलों में ले जाना आसान होगा।
- अधिनियम, 2015 के लिए नए नियम के मुताबिक ऊंट के परिवहन को लेकर जिला कलेक्टर के साथ-साथ अब सक्षम अधिकारी के रूप में एसडीएम को भी अधिकृत किया जा सकेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अधिनियम के बारे में:

- राजस्थान ऊंट (वध का प्रतिषेध और अस्थायी प्रव्रजन या निर्यात का विनियमन) अधिनियम, 2015 को राज्य में ऊंटों की घटती आबादी को रोकने और उनके संरक्षण के लिए बनाया गया था।
- इस अधिनियम के मुख्य प्रावधानों में ऊंटों के वध, मांस के लिए उनका निर्यात और राज्य के बाहर अवैध परिवहन पर प्रतिबंध शामिल हैं।
- यह अधिनियम ऊंटों के अस्थायी प्रवास को भी विनियमित करता है।
- **अधिनियम का मुख्य उद्देश्य :** राजस्थान में ऊंटों की आबादी को बढ़ाना और उनके संरक्षण को सुनिश्चित करना।
- अधिनियम में ऊंटों के वध को प्रतिबंधित किया गया है और इसके उल्लंघन पर कठोर सजा का प्रावधान है, जिसमें छह महीने से तीन साल तक की कैद और ₹5,000 से ₹25,000 तक का जुर्माना शामिल है।

### ❖ फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- ♦ **उष्ट्र संरक्षण योजना :** पशुपालन विभाग द्वारा राज्य पशु ऊँट के पशुपालकों को आर्थिक रूप से संबल प्रदान करने के उद्देश्य से उष्ट्र संरक्षण योजना के तहत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को ₹10,000 से बढ़ाकर ₹20,000 कर दिया गया है।
- ♦ राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर में स्थित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### राज्य में पशुधन:

- पशु गणना-2019 के तहत राज्य में कुल 568.01 लाख पशुधन और 146.23 लाख कुक्कुट पक्षियों की संख्या दर्ज की गई।
- राज्य देश के कुल पशुधन का लगभग 10.60 प्रतिशत हिस्सा रखता है।
- इसमें देश के 7.24 प्रतिशत गौवंश, 12.47 प्रतिशत भैंस, 14 प्रतिशत बकरियाँ, 10.64 प्रतिशत भेड़ और 84.43 प्रतिशत ऊँट शामिल हैं।
- वर्ष 2022-23 में, राज्य ने राष्ट्रीय उत्पादन में 14.44 प्रतिशत दूध उत्पादन और 47.98 प्रतिशत ऊन उत्पादन का योगदान दिया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# फुटबॉल एक्सीलेंस अवार्ड्स – 2025




## ➲ चर्चा में क्यों?

- 27 जुलाई, 2025 को राजस्थान में पहली बार राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन (RFA) द्वारा एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- **आयोजन स्थल :** जयपुर।
- इस सम्मेलन में राजस्थान के श्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।
- **राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष :** मानवेंद्र सिंह जसोल।

**फुटबॉल एक्सीलेंस अवार्ड्स से सम्मानित खिलाड़ी:**

- **प्लेयर ऑफ द ईयर (डोमेस्टिक) -** अल्ताफ हुसैन।
- **प्लेयर ऑफ द ईयर (प्रोफेशनल) -** मार्तंड रैना (RUFC)
- **इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर -** विशाल कलीसिया, धैर्य सनाढ्य।
- **सर्वश्रेष्ठ क्लब (R लीग) -** जयपुर एलीट FC, ब्रदर्स यूनाइटेड, रॉयल FC जयपुर।
- **सर्वश्रेष्ठ रेफरी -** कर्मवीर खीचड़, जस्टिन जैस।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम**<br><br>♦ हाल ही में, उप-मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने जयपुर स्थित परिवहन भवन में 'व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम' का शुभारंभ किया।<br>♦ इस परियोजना के माध्यम से प्रदेश में संचालित सार्वजनिक सेवा के वाहनों की रीयल टाइम निगरानी एवं यात्री सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेंगी।<br>♦ इस सिस्टम के तहत प्रत्येक सार्वजनिक सेवा वाहन में GPS आधारित डिवाइस लगाकर कमांड एवं कण्ट्रोल सेंटर द्वारा वाहन की लाइव लोकेशन ट्रैक की जा सकती है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 2. हरियाली तीज पर पौधरोपण में जयपुर प्रथम स्थान पर



- जयपुर जिला प्रशासन द्वारा मिशन हरियालो राजस्थान के तहत जयपुर जिले में एक ही दिन में आवंटित लक्ष्य (21 लाख पौधरोपण) के दोगुना से भी अधिक 42 लाख 2 हजार 139 पौधरोपण कर प्रदेश के 41 जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## 3. राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह–2025



- वर्ष 2025 का राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह जोधपुर में आयोजित किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2025 का राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम में आयोजित किया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 4. सतरंगी लहरिया महोत्सव – अजमेर




- हाल ही में, अजमेर में सतरंगी लहरिया महोत्सव का आयोजन किया गया।
- सतरंगी लहरिया, राजस्थान की एक पारंपरिक वस्त्रकला है, जिसमें कपड़े पर बहुरंगी धारियों का डिजाइन बनाया जाता है। यह लहरिया का एक प्रकार है जिसमें कई रंगों का उपयोग किया जाता है, जिससे यह इंद्रधनुष की तरह दिखता है।

## 5. यश यादव (जयपुर)



- हाल ही में, चीन में आयोजित 'मकाऊ कैडेट एवं जूनियर एशियन ओपन जूडो कप' के जूनियर वर्ग में जयपुर के यश यादव ने रजत पदक जीता।



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## बिहार में 'राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' की स्थापना

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, बिहार सरकार ने 'बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' की स्थापना की घोषणा की है।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### ➲ मुख्य बिंदु :

- इस घोषणा का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों के अधिकारों, कल्याण और सामाजिक सम्मान को सुनिश्चित करना हैं।
- यह आयोग राज्य के सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा और कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार होगा।
- यह आयोग उनके पुनर्वास और शिकायत निवारण पर ध्यान केंद्रित करेगा और उन्हें सामाजिक व आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में भी कार्य करेगा।
- यह आयोग सफाई कर्मियों के बहुआयामी सामाजिक-आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए एक संस्थागत ढांचा प्रदान करेगा।

**आयोग की संरचना:**

- **अध्यक्ष:** 1 अध्यक्ष।
- **उपाध्यक्ष:** 1 उपाध्यक्ष।
- **सदस्य:** 5 सदस्य।
- इस आयोग में एक विशेष प्रावधान किया गया हैं कि आयोग में एक सदस्य महिला या ट्रांसजेंडर समुदाय से होगा जो यह सुनिश्चित करेगा कि हाशिए पर मौजूद वर्गों को भी आयोग में प्रतिनिधित्व मिले और उनकी आवाज़ भी नीतियों में शामिल हो।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### आयोग की प्रमुख भूमिकाएँ और कार्य:


- **नीतिगत सुझाव देना।**
- **योजनाओं की समीक्षा और निगरानी करना।**
- **शिकायत निवारण।**
- **सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# वीर परिवार सहायता योजना 2025

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) ने वीर परिवार सहायता योजना 2025 की घोषणा की।




## मुख्य बिंदु :

- यह सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिये समर्पित एक राष्ट्रीय स्तर की विधिक सहायता योजना है।
- इस योजना का उद्देश्य सेना और अर्धसैनिक बलों के कर्मियों तथा उनके परिवारों को निःशुल्क विधिक सहायता, सलाह और समर्थन प्रदान करना हैं।
- यह योजना सभी भारतीय राज्यों में लागू होगी।
- इस योजना का आधार अनुच्छेद-39A हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA):

- NALSA (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) एक वैधानिक निकाय है।
- **स्थापना :** वर्ष 1995 में।
- इसे विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत स्थापित किया गया था।
- NALSA कानूनी सहायता कार्यक्रमों की निगरानी और मूल्यांकन करता है।
- इसका उद्देश्य पात्र समूहों को मुफ़्त और प्रभावी कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है।
- इन पात्र समूहों में महिलाएँ, बच्चे, अनुसूचित जातियाँ (SC), अनुसूचित जनजातियाँ (ST) शामिल हैं।
- इसके अलावा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS), औद्योगिक श्रमिक, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर व्यक्ति भी इसमें आते हैं।
- इन सभी को सहायता प्रदान करना धारा 12 में प्रावधानित है।
- NALSA की एक स्तरीकृत संरचना होती है।
- विधिक सेवा संस्थान तालुक न्यायालयों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक सभी स्तरों पर स्थापित किए गए हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## दूसरा बिम्सटेक बंदरगाह सम्मेलन

➲ **चर्चा में क्यों?**

■ **हाल ही में, विशाखापत्तनम में दूसरे बिम्सटेक (बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन) बंदरगाह सम्मेलन का आयोजन किया गया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- इस सम्मेलन की अध्यक्षता भारत द्वारा की गई।
- **सम्मेलन की थीम:** भविष्य की दिशा में: ब्लू इकॉनमी, नवाचार और सतत साझेदारी।
- **भारत के लिये महत्त्व:** बंगाल की खाड़ी में समुद्री सहयोग में भारत के नेतृत्व को बढ़ावा मिलेगा तथा बंदरगाह आधारित विकास और कनेक्टिविटी के तहत सागरमाला लक्ष्यों को बढ़ावा मिलेगा।
- यह भारत की इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में विशेष रूप से बिम्सटेक देशों के साथ संबंधों को सुदृढ़ करके, भूमिका को मजबूत बनाता है।

**बिम्सटेक :**

- बिम्सटेक एक क्षेत्रीय संगठन है जिसकी स्थापना 6 जून, 1997 को बैंकॉक घोषणा के माध्यम से हुई थी।
- इसका उद्देश्य बंगाल की खाड़ी के देशों के बीच आर्थिक और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना है।
- यह संगठन मूल रूप से BIST-EC (बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका, थाईलैंड आर्थिक सहयोग) के रूप में शुरू हुआ था।
- वर्ष 1997 में म्याँमार के शामिल होने के बाद इसका नाम BIMST-EC रखा गया।
- वर्ष 2004 में नेपाल और भूटान के शामिल होने पर इसका नाम बदलकर BIMSTEC कर दिया गया।
- वर्ष 2014 में तीसरे शिखर सम्मेलन के दौरान, बांग्लादेश के ढाका में बिम्सटेक सचिवालय की स्थापना की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **शुरुआती चरण में बिम्सटेक के छह प्रमुख सहयोग क्षेत्र — व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, परिवहन, पर्यटन और मत्स्य पालन।**
- **वर्ष 2008 में इन क्षेत्रों में कृषि, सार्वजनिक स्वास्थ्य, आतंकवाद-रोधी सहयोग, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन को जोड़ा गया।**
- **वर्ष 2021 में बेहतर समन्वय के लिए सहयोग के क्षेत्रों का पुनर्गठन किया गया।**
- **हर सदस्य देश को विशिष्ट क्षेत्रों में नेतृत्व की जिम्मेदारी दी गई।**
- **भारत बिम्सटेक में सुरक्षा स्तंभ का नेतृत्व करता है, जिसमें आतंकवाद-निरोध, अंतरराष्ट्रीय अपराध, आपदा प्रबंधन और ऊर्जा शामिल हैं।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### फास्ट पैट्रोल वेसल 'अटल' लॉन्च

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, वास्कोडिगामा स्थित गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL) द्वारा भारतीय तटीय सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय तटरक्षक बल के लिए फास्ट पैट्रोल वेसल (FPV) 'अटल' का जलावतरण किया गया।**



➲ **मुख्य बिंदु :**

- **GSL द्वारा बनाये जा रहे आठ FPVs की श्रृंखला में यह छठा पोत है, जिसे पूर्णतः स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित किया गया है। यह 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।**
- **फास्ट पेट्रोल वेसल 'अटल' (यार्ड 1275) को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL) द्वारा डिज़ाइन और निर्मित किया गया है, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्रीय रक्षा उपक्रम (DPSU) है।**
- **FPV 'अटल' की विशेषताएँ:**
  - **लंबाई 52 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर और विस्थापन 320 टन, जो इसे तेज़ और चुस्त समुद्री अभियानों के लिए सक्षम बनाता है।**
  - **यह पोत तटीय गश्ती, द्वीप सुरक्षा, अपतटीय परिसंपत्ति संरक्षण, तस्करी रोधी अभियान, समुद्री डकैती विरोधी मिशन और खोज-बचाव कार्यों के लिए तैयार किया गया है।**
  - **GSL द्वारा विकसित अत्याधुनिक नौसेना वास्तुकला इसे गति और स्थिरता दोनों प्रदान करती है।**
- **राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से, 'अटल' भारत की समुद्री क्षेत्र जागरूकता को सशक्त करता है और बढ़ते समुद्री खतरों के बीच तटीय सुरक्षा की पहली पंक्ति के रूप में कार्य करता है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु :

### गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL)

- **स्थापना:** 1957
- **निगमन:** भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में।

### प्रमुख कार्य :

- विभिन्न प्रकार के जहाजों की डिज़ाइन और निर्माण।
- जहाजों का मरम्मत और आधुनिकीकरण।
- प्रौद्योगिकी हस्तांतरण।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# NISAR (निसार) सैटेलाइट

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **30 जुलाई, 2025 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी NASA ने संयुक्त रूप से NISAR (निसार) को लॉन्च किया।**





UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **पूर्ण नाम :** नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार।
- यह उपग्रह द्वि-आवृत्ति बैंड सिंथेटिक एपर्चर रडार (L-बैंड और S-बैंड) का उपयोग कर ग्रह का व्यवस्थित मानचित्रण और सतह की सूक्ष्म हलचलों का पता लगाने वाला विश्व का पहला रडार इमेजिंग उपग्रह है।
- **प्रक्षेपण तिथि :** 30 जुलाई, 2025 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से।
- **प्रक्षेपण वाहन :** ISRO का GSLV-F16 रॉकेट (यह पहली बार है जब GSLV सूर्य-समकालिक कक्षा में सैटेलाइट ले जाएगा)।
- **कक्षा :** 747 किमी ऊंचाई पर सूर्य-समकालिक कक्षा में (98.4° झुकाव)
- **मिशन अवधि :** 3 वर्ष लेकिन ईंधन और स्थिरता के आधार पर 5 साल तक संचालित किया जा सकता हैं।
- **कार्य :** यह सैटेलाइट प्रति 12 दिन में सम्पूर्ण पृथ्वी का निरीक्षण करेगा और प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी और भूस्खलन की चेतावनी देने में सहायता प्रदान करेगा।

**उद्देश्य :**

- पृथ्वी की गतिशील सतहों, बदलते पारिस्थितिक तंत्रों और हिमखंडों को मापना।
- जैवभार, प्राकृतिक आपदाओं, समुद्र तल में वृद्धि और भूजल के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी हासिल करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**प्रमुख उपकरण :**

- **NASA द्वारा प्रदत्त उपकरण:**
  - L-बैंड रडार, GPS प्रणाली, डाटा संग्रह और भंडारण के लिए सॉलिड-स्टेट रिकॉर्डर, पेलोड डाटा सबसिस्टम।
  - **एंटीना :** 12 मीटर तारों का मेश एंटीना, जिसे नासा का जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (JPL) ने विकसित किया है।
- **ISRO द्वारा प्रदत्त उपकरण:** S-बैंड रडार, GSLV प्रक्षेपण यान, अंतरिक्ष यान और संबंधित प्रक्षेपण सेवाएँ आदि।

**रडार उपकरण :**

| L-बैंड सिंथेटिक एपर्चर रडार (L- SAR) | S-बैंड सिंथेटिक एपर्चर रडार (S-SAR) |
|---|---|
| विकास : नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला (JPL) द्वारा। | विकास : इसरो द्वारा विकसित किया गया। |
| लगभग 24 सेमी तरंगदैर्ध्य पर संचालित होता है। | लगभग 10 सेमी तरंगदैर्ध्य पर संचालित होता है। |
| ठोस पृथ्वी प्रक्रियाओं, बर्फ की चादर की गतिशीलता और बायोमास परिवर्तनों के अध्ययन के लिए उच्च-रिज़ॉल्यूशन इमेजरी प्रदान करता है। | भूकंप, ज्वालामुखी गतिविधि और भूस्खलन जैसे प्राकृतिक खतरों की निगरानी के लिए उच्च-रिज़ॉल्यूशन इमेजरी प्रदान करता है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मिशन की प्रमुख विशेषताएँ :

- **ड्यूल SAR रडार प्रणाली :** L-बैंड और S-बैंड रडार मिलकर उच्च-गुणवत्ता वाली, विस्तृत और विश्वसनीय छवियाँ बनाएँगे।
- **रिफ्लेक्टर एंटीना :** NASA का अब तक का सबसे बड़ा एंटीना है, जो रडार सिग्नल को केंद्रित करेगा।
- **ऑल-वेदर क्षमताएँ :** बादल, बारिश जैसी स्थितियों में भी डाटा एकत्र करने में सक्षम हैं।
- **240 किलोमीटर चौड़ी इमेजिंग रेंज :** प्रत्येक 12 दिन में पूरी पृथ्वी की सतह की स्कैनिंग कर सकता हैं।

### महत्त्व

- **जलवायु विज्ञान :** स्थलीय पारिस्थितिकी प्रणालियों, विशेषकर वनों से कार्बन स्रोतों एवं सिंक के बारे में समझ को बढ़ाएगा।
- **भारत-अमेरिका सहयोग :** पहली बार अमेरिका एवं भारत ने पृथ्वी-अवलोकन मिशन के लिए हार्डवेयर विकसित करने में सहयोग किया है, जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष सहयोग के लिए महत्त्वपूर्ण है।
- **पृथ्वी अवलोकन और निगरानी :** NISAR पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र, सतह की गतिशीलता और बर्फ के द्रव्यमान की नियमित रूप से 3 वर्षों तक हर 6 दिन में निगरानी करेगा तथा बायोमास, प्राकृतिक खतरों, समुद्र के स्तर में वृद्धि और भूजल पर महत्त्वपूर्ण डेटा प्रदान करेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार एवं सम्मान

## नेल्सन मंडेला पुरस्कार 2025




➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने 'नेल्सन मंडेला पुरस्कार 2025' के विजेताओं की घोषणा की।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **विजेता:**

  **1. बेंडा रेनॉल्ड्स (कनाडा)**

  **2. केनेडी ओडेडे (केन्या)**

**नेल्सन मंडेला पुरस्कार 2025:**

- **स्थापना : वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा।**
- **यह पुरस्कार हर 5 वर्ष में एक महिला और एक पुरुष को प्रदान किया जाता है।**
- **उद्देश्य : उन व्यक्तियों को सम्मानित करना जिन्होंने मानवता की सेवा में जीवन समर्पित किया है।**
- **मुख्य क्षेत्र :**
  - **पुन: मेल-मिलाप (Reconciliation)**
  - **सामाजिक एकता (Social Cohesion)**
  - **सामुदायिक विकास (Community Development)**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **पुरस्कार स्वरूप:** विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र युक्त एक पट्टिका प्रदान की जाती है।
- **विशेषता:** पट्टिका में नेल्सन मंडेला का उद्धरण शामिल होता है।
- **नकद पुरस्कार:** इस पुरस्कार में कोई नकद राशि नहीं दी जाती है।
- **पात्रता:** संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारी इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होते।
- अब तक किसी भारतीय नागरिक को यह पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## अंडर-17 वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप – 2025



➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, ग्रीस में आयोजित अंडर-17 वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप में हरियाणा के पहलवान हरदीप ने 110 किलो वर्ग में ईरान के पहलवान को हराकर गोल्ड जीता।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **इस वर्ग में वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाला हरदीप पहले भारतीय पहलवान बन गए हैं।**
- **अंडर-17 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 28 जुलाई से 3 अगस्त तक किया जाएगा, जिसमें भारत की ओर से कुल 30 पहलवान भाग ले रहे हैं।**
- **जॉर्डन के अम्मान में हुए अंडर-17 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप – 2024 में भारत ने कुल 10 पदक जीते थे, जिसमें 5 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक शामिल थे।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **निखिल रविशंकर**<br><br><br>♦ हाल ही में, भारतीय मूल के निखिल रविशंकर को एयर न्यूजीलैंड का CEO नियुक्त किया गया है। वह 20 अक्टूबर, 2025 से पदभार ग्रहण करेंगे।<br>♦ निखिल वर्तमान सीईओ ग्रेग फोरान की जगह लेंगे जो मार्च में इस्तीफे का ऐलान कर चुके हैं।<br>♦ निखिल वर्तमान में एयरलाइन के चीफ डिजिटल ऑफिसर हैं। |
| 2. | **मारियो पैग्लिनो और गिनानी ग्रॉसी**<br> |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **हाल ही में, मैग्निया-2000 नामक कंपनी (मूल कंपनी - मैटल) के बहुचर्चित उत्पाद 'बार्बी डॉल' के डिजाइनर मारियो पैग्लिनो और गिनानी ग्रॉसी की 27 जुलाई को इटली में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।**
- **इस कंपनी ने खिलौनों की दुनिया में अलग पहचान बनाई। उनके काम के लिए उन्हें 2016 में बार्बी फैशन डिजाइनर कैरोल स्पेंसर से बार्बी बेस्ट फ्रेंड अवार्ड मिला।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR